DATE - 30/11/2025

DAINIK BHASKAR, PAGE-IV, SURAT


सिटी एंकर

मेट्रो प्रोजेक्ट • 6 महीने की मशक्कत के बाद लॉन्चिंग में सफलता मिली

# शहर का सबसे लंबा 86 मीटर का ट्रस गर्डर सारोली में लॉन्च, इतनी दूरी में एक भी पिलर नहीं बनाया गया

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मेट्रो लाइन-2 में अब तक का सबसे बड़ा 86 मीटर लंबा स्टील ट्रस गर्डर लॉन्च करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सारोली से भारत कैंसर हॉस्पिटल के बीच यह सेक्शन इंजीनियरिंग की दृष्टि से बेहद जटिल था। क्योंकि यहां नाले और घनी बस्ती के बीच गर्डर को ऊंचाई पर ले जाना बड़ी चुनौती थी। ऐसे में ट्रैक को बिना किसी पिलर के पार कराने के लिए विशेष स्टील ट्रस गर्डर तैयार किया गया है। करीब छह महीने की मेहनत से इस सुपर-स्पान की असेंबलिंग पूरी हुई है। 300 से अधिक स्टील मेंबर्स को जोड़कर तैयार किए गए इस गर्डर को साइट पर जोड़ने का काम लंबा और तकनीकी रूप से बेहद संवेदनशील रहा। आखिरकार 6 महीने की मशक्कत के बाद 28 नवंबर को सफलता पूर्वक लॉन्च कर लिया गया है।



सारोली और भारत कैंसर अस्पताल सेक्शन पर 86 मीटर लंबा गर्डर लॉन्च हुआ।

## इस तरह की गई तैयारी

- इन्क्रिमेंटल लॉन्चिंग तकनीक से हाई-केपेसिटी स्ट्रैंड जैक्स, पुशिंग अरेंजमेंट और लॉन्चिंग गैंट्री सिस्टम की मदद से गर्डर को इंच-इंच आगे सरकाते हुए नाले के ऊपर से ले जाया गया।
- लॉन्चिंग से पहले वेल्डिंग जॉइंट्स, बोल्ट-टाइटनिंग, एलाइनमेंट, लोड-बेयरिंग और स्ट्रक्चर की स्टेबिलिटी की अंतिम जांच की गई।
- सब कुछ तय मानकों के अनुसार मिला। जिसके बाद 28 नवंबर को लॉन्चिंग प्रक्रिया पूरी कर ली गई । अब इस सेक्शन पर गर्डर लॉन्चिंग की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ेगी।